

# प्लैनेट न्यूज़ इंडिया
हर खबर सच के साथ
RNI No.- UPHIN/25/A4228
भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त

## 'भारत अब सुरक्षा के लिए बाहरी तत्वों पर निर्भर नहीं'
### गोवा शिपयार्ड के कार्यक्रम में बोले रक्षा मंत्री



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह रविवार (04 जनवरी) को गोवा पहुंचे, जहां चिकालिम में गोवा शिपयार्ड के एक कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान सिंह ने कहा कि आज का सुरक्षा वातावरण पहले से कहीं अधिक जटिल हो गया है। समुद्री क्षेत्र में देखेंगे कि पारंपरिक खतरों के साथ-साथ गैर-पारंपरिक खतरे भी लगातार बढ़ रहे हैं। समुद्र में मादक पदार्थों की तस्करी, अवैध मछली पकड़ना, मानव तस्करी, पर्यावरण अपराध और संदिग्ध क्षेत्र जैसी चुनौतियां मौजूद हैं। जाहिर है, ऐसे समय में शिपयार्ड की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है और मुझे यह देखकर खुशी हो रही है कि गोवा शिपयार्ड लिमिटेड ने बदलते समय के साथ खुद को रूपांतरित किया है।उन्होंने अपने संबोधन में आगे कहा कि मैं आप सभी को इसके लिए बधाई देता हूं। आपने क्षमताएं विकसित की हैं। आपने प्रौद्योगिकी को अपनाया है। इन सभी प्रयासों का परिणाम यह है कि हम न केवल अपने सशस्त्र बलों को समय पर उपकरण उपलब्ध कराने में सक्षम हुए हैं, बल्कि हमने आत्मनिर्भर भारत की दिशा में भी ठोस कदम उठाए हैं।रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, 'इस बदलते दौर में भारत जैसा राष्ट्र अपनी सुरक्षा के लिए बाहरी तत्वों पर निर्भर नहीं रह सकता। आज के युग में रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता विलासिता नहीं, बल्कि एक रणनीतिक आवश्यकता है, और गोवा शिपयार्ड लिमिटेड जैसी संस्थाएं इस आवश्यकता को वास्तविकता में बदल रही हैं, और मुझे विश्वास है कि वे भविष्य में भी ऐसा करना जारी रखेंगी।'उन्होंने आगे कहा कि आपकी (गोवा शिपयार्ड लिमिटेड) मेहनत भारत को मजबूत, संप्रभु और आत्मनिर्भर बनाती है। भारत एक सक्रिय समुद्री राष्ट्र बन रहा है। हिंद महासागर क्षेत्र में स्थिरता, सहयोग और नियम-आधारित व्यवस्था स्थापित करने में भारत की भूमिका लगातार बढ़ रही है।

## अयोध्या



**राम मंदिर के चारों ओर बनाईजाएगी बाउंड्रीवॉल, डिजाइन को मिली स्वीकृति; मार्च तक बन जाएंगे सभी मंदिर**

Ayodhya Ram Temple: अयोध्या राम मंदिर के अंदर बन रहे मंदिरों का निर्माण तेज गति से चल रहा है। इस बीच मंदिर के चारों ओर बनने वाली बाउंड्रीवॉल पर भी सहमति दे दी गई है।राम मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था अभेद्य होगी। मंदिर के चारों ओर चार किलोमीटर में बन रही बाउंड्रीवॉल और वॉच टावर के डिजाइन को स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। राम मंदिर निर्माण समिति की बैठक में बाउंड्रीवॉल के निर्माण कार्य की गति बढ़ाने का निर्देश दिया गया है। इससे पहले निर्माण कार्यों का एक मॉक ट्रायल भी बाउंड्रीवॉल के उत्तरी दिशा में हुआ।राम मंदिर भवन निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने बताया है कि राम मंदिर की सुरक्षा पूरी तरह अभेद्य होगी। मंदिर परिसर के चारों ओर बनाई जा रही लगभग चार किलोमीटर लंबी बाउंड्रीवॉल का निर्माण कार्य शुरू हो चुका है। इस बाउंड्रीवॉल में सुरक्षा की दृष्टि से अत्याधुनिक उपकरण लगाए जा रहे हैं, जिससे मंदिर की निगरानी और सुरक्षा और अधिक मजबूत हो सके। गेट नंबर 11, जिसे आदि शंकराचार्य द्वार के नाम से जाना जाता है, उसका निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है।

## ठंड-कोहरे की चपेट में प्रदेश

**कई जिलों में शीतलहर और घने कोहरे की चेतावनी; आज बंद रहेंगे स्कूल**



उत्तर प्रदेश में ठंड का कहर जारी है। रविवार को प्रदेश के पश्चिम व तराई के कई जिलों में कड़ाके की ठंड पड़ी। कोहरे के प्रकोप के साथ गलन भरी पछुआ ने लोगों की परेशानी बढ़ाई। जिन इलाकों में धूप हुई, वहां भी गलन हावी रही। कानपुर, इटावा, बाराबंकी, शाहजहांपुर, बरेली, हरदोई आदि जिलों में रात का तापमान 5 डिग्री या इससे नीचे दर्ज हुआ। 3.2 डिग्री न्यूनतम तापमान के साथ कानपुर प्रदेश में सबसे ठंडा रहा। मौसम विभाग ने सोमवार के लिए 13 जिलों में घने कोहरे का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

## दिल्लीवासियों को प्रदूषण से मिली हल्की राहत



राजधानी दिल्ली में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) में रविवार की तुलना में सोमवार को कुछ राहत मिली है। जहां रविवार को AQI 'बेहद खराब' श्रेणी में पहुंच गया था, वहीं सोमवार को इसमें गिरावट दर्ज की गई और यह 'खराब' श्रेणी में आ गया है।

राजधानी दिल्ली में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) में रविवार की तुलना में आज कुछ सुधार देखा गया है। जहां रविवार को यह 'बेहद खराब' श्रेणी में पहुंच गया था, वहीं सोमवार को इसमें गिरावट दर्ज की गई और यह 'खराब' श्रेणी में आ गया है। एयर क्वालिटी अर्ली वार्निंग सिस्टम फॉर दिल्ली के अनुसार, सोमवार सुबह राष्ट्रीय राजधानी का वायु गुणवत्ता सूचकांक 266 दर्ज किया गया है, जो 'खराब' श्रेणी के अंतर्गत आता है। यह गिरावट प्रदूषण के बढ़ते स्तर पर नियंत्रण की दिशा में एक सकारात्मक संकेत है, हालांकि अभी भी हवा की गुणवत्ता चिंताजनक बनी हुई है।

## अमेरिकी हमले में 40 लोग मारे गए



वेनेजुएला के एक अधिकारी ने पहली बार अमेरिकी हमले में मारे गए लोगों की संख्या का खुलासा किया है। नाम न बताने की शर्त पर वेनेजुएला के अधिकारी ने बताया कि मादुरो को बंधक बनाने के लिए चलाए गए अमेरिकी ऑपरेशन में कुल 40 लोग मारे गए हैं।अमेरिका की तरफ से वेनेजुएला पर किए गए हमले के बाद अब पहली बार जानमाल के नुकसान का आंकड़ा सामने आया है। द न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, वेनेजुएला के एक वरिष्ठ अधिकारी ने दावा किया है कि शनिवार तड़के हुए अमेरिकी हमले में कम से कम 40 लोगों की मौत हुई है। मरने वालों में सैन्यकर्मी और आम नागरिक दोनों शामिल हैं। अधिकारी ने नाम न बताने की शर्त पर यह जानकारी दी।रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका ने वेनेजुएला पर बड़े पैमाने पर सैन्य हमला किया। इस कार्रवाई के दौरान राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी सिलिया फ्लोरेस को राजधानी काराकास से पकड़ लिया गया और देश से बाहर ले जाया गया। इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक न्यूज चैनल से बातचीत में कहा था कि इस ऑपरेशन में अमेरिका की तरफ कोई मौत नहीं हुई, सिर्फ कुछ सैनिक घायल हुए। ट्रंप ने इसे बेहद जटिल लेकिन सफल ऑपरेशन बताया और अमेरिकी सेना की जमकर तारीफ की।ट्रंप ने कहा, 'इतना जटिल ऑपरेशन होने के बावजूद हमारे पक्ष में कोई मौत नहीं होना वाकई हैरान करने वाला है। सेना का नेतृत्व और पेशेवर रवैया शानदार था।

## निकोलस मादुरो



**मादुरो और उनकी पत्नी की आज अमेरिकी कोर्ट में पेशी, नार्को-आतंकवाद के आरोपों का करेंगे सामना**

अमेरिकी सैन्य कार्रवाई के दौरान निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी को काराकास में उनके आवास से निकाला गया था। इसके बाद उन्हें यूएसएस इवो जिमा युद्धपोत पर ले जाया गया। यहां से उन्हें हवाई जहाज के जरिए आपराधिक आरोपों का सामना करने के लिए अमेरिका लाया गया।वेनेजुएला के अपदस्थ राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी सिलिया फ्लोरेस सोमवार (अमेरिकी समय) को एक संघीय न्यायाधीश के सामने पेश होंगे। सीबीएस न्यूज के मुताबिक अमेरिकी अधिकारियों की ओर से इस बात की पुष्टि की गई है कि मामले की सुनवाई न्यूयॉर्क के दक्षिणी जिले में होगी, प्रवक्ता ने बताया कि मादुरो और उनकी पत्नी सोमवार को दोपहर 12 बजे संघीय अदालत में पेश होंगे। शनिवार को वाशिंगटन की ओर से वेनेजुएला पर बड़े पैमाने पर हमला करने के साथ ही निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी सिलिया फ्लोरेस को गिरफ्तार कर देश

# Aaj Ka Rashifal 05 January

## इन राशि वालों के धन-दौलत और पद-प्रतिष्ठा में होगी अपार वृद्धि,



05 January Ka Rashifal: आचार्य मानस शर्मा से जानिए चंद्र राशि पर आधारित मेष, वृषभ, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुंभ और मीन राशि वालों के लिए 05 जनवरी 2026 का राशिफल।आज 5 जनवरी सोमवार का दिन है। आज के ज्योतिषीय गणना के अनुसार मन के कारक ग्रह चंद्रमा का गोचर दिन रात अपनी ही राशि कर्क में होगा। वहीं चंद्रमा गुरु से दूसरे भाव में होकर अनफा योग बनेगा। बुध-सूर्य की युति से बुधादित्य योग बनेगा। ऐसे में आइए जानते हैं

### मेष

आज आपको एक साथ कई काम हाथ लगने से आपकी समस्याएं बढ़ेंगी। बाहर आपकी किसी बात को लेकर कहासुनी हो सकती है। आप आज कामों को लेकर परेशान रहेंगे, लेकिन फिर भी आपको किसी से बातचीत करते समय वाणी की सौम्यता को नहीं खोना है। आप अच्छे खान-पान का आनंद लेंगे, लेकिन सेहत को लेकर भी आपको सतर्क रहने की आवश्यकता है। माताजी आपसे किसी बात को लेकर नाराज हो सकती हैं।

### वृषभ

आज का दिन आपके लिए कुछ विशेषकर दिखाने के लिए रहेगा। आपको कुछ विशेष व्यक्तियों से मिलने का मौका मिलेगा और आप अपनी कार्यकुशलता से आज कार्यक्षेत्र में लोगों का दिल जीतेंगे। आपके धन-धान्य में वृद्धि होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आपको अपनी शारीरिक समस्याओं को नजरअंदाज करने से बचना होगा। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा होगा।

### मिथुन

आज का दिन आपके लिए मौज-मस्ती से भरा रहने वाला है। आपको अपने कामों को लेकर उचित मार्गदर्शन मिलेगा और यदि आप राजनीति में हाथ आजमाने की सोच रहे हैं, तो उसके लिए आपको थोड़ा सचेत रहने की आवश्यकता है। आपको अपनी मेहनत का पूरा फल मिलेगा। कोई छुपा हुआ राज परिवार के सदस्यों के सामने आ सकता है। प्रॉपर्टी को लेकर भी कोई विवाद छिड़ सकता है।

### कर्क

आज का दिन आपके लिए आत्मविश्वास से भरपूर रहने वाला है। कारोबार में आपकी कोई बड़ी डील फाइनल होने में कुछ समस्या आ सकती है। मामा पक्ष आज आपको धन लाभ मिलता दिख रहा है। परिवार के सदस्यों को लेकर आप कहीं घूमने फिरने जा सकते हैं। आपकी अपने आप पड़ोस में सहयोगी से किसी बात को लेकर कहासुनी हो सकती है। आप अपने सरकारी कामों को लेकर लापरवाही बिल्कुल ना करें।

### सिंह

आज आपको अपने घर के साथ-साथ बाकी कामों पर पूरा ध्यान देना होगा। विदेशों से आयात-निर्यात कर रहे लोगों को कोई खुशखबरी सुनने को मिलेगी। प्रेम जीवन जी रहे लोग अपने साथी के साथ समय बिताएंगे। पारिवारिक जीवन में आपको आपसी तालमेल बनाकर चलने की आवश्यकता है। आपको किसी लिए गए निर्णय के लिए पछतावा हो सकता है, इसलिए आप जल्दबाजी बिल्कुल ना करें। यदि आप कोई प्रॉपर्टी की खरीदारी करने की सोच रहे हैं, तो उसके लिए आप कोई लोन अप्लाई कर सकते हैं।

### कन्या

आज का दिन आपके मान-सम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपकी रचनात्मक क्षमता बढ़ेगी। आपको अपनी आय और व्यय में तालमेल बनाकर चलने की आवश्यकता है। आप किसी मनोरंजन के कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं। आपको अपनी संतान की सेहत के प्रति सचेत रहने की आवश्यकता है। आपके बॉस आपको यदि कोई जिम्मेदारी दें, तो आप उसे पूरा ध्यान से निभाने की कोशिश करें। वाणी की सौम्यता आपको मान सम्मान दिलवाएगी और आपकी रचनात्मक क्षमता बढ़ेगी।

### तुला

आज का दिन नौकरी में बदलाव के लिए अच्छा रहने वाला है। आप कुछ नये कपड़े, मोबाइल और लैपटॉप आदि की खरीदारी कर सकते हैं। जीवनसाथी के लिए आप कोई सरप्राइज पार्टी प्लान करेंगे। आपको आसपास रह रहे लोगों को पहचान कर चलने की आवश्यकता है। छोटे बच्चों का आपको पूरा सहयोग मिलेगा। कोई मन की इच्छा पूरी न होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। यदि लंबे समय से कोई डील अटकी हुई थी, तो वह फाइनल हो सकती है।

### वृश्चिक

आज का दिन आपके लिए सुखमय रहने वाला है। आपके अटके हुए काम पूरे होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आपको जीवनसाथी का पूरा सहयोग मिलेगा। माताजी की सेहत में यदि कोई समस्या चल रही थी, तो वह भी दूर होगी। नौकरी में आपको अपने सहयोगियों से कोई बात नहीं करनी है। घूमने-फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी। परिवार में किसी सदस्य से यदि कोई वाद-विवाद चल रहा था, तो वह भी बातचीत के जरिए दूर होता दिख रहा है।

### धनु

आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। यदि आप किसी काम को करेंगे, तो वह आपके लिए अच्छा रहेगा। आपको काम को लेकर व्यस्तता अधिक रहेगी, लेकिन फिर भी आप अपने कामों को समय से निपटाने की कोशिश में लगे रहेंगे और अपने जीवनसाथी की ओर से आपको सरप्राइज गिफ्ट मिल सकता है। घूमनेफिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है।

### मकर

आज का दिन आपके लिए तकनीकी क्षेत्रों में बढ़िया रहने वाला है। आप अपने ज्ञान को बढ़ाने का कोई मौका हाथ से जाने नहीं देंगे और विद्यार्थियों को अध्यापकों का भी पूरा साथ मिलेगा, लेकिन आपको किसी सरकारी काम को लेकर चक्कर काटने पड़ेंगे, क्योंकि आपके उन कामों में मंदी होगी। आपको अपने आसपास रह रहे लोगों पर भरोसा करने से बचना होगा। वैवाहिक जीवन में आपको तालमेल बनाकर चलने की आवश्यकता है।

### कुंभ

आज का दिन आपके लिए किसी नए काम की शुरुआत करने के लिए अच्छा रहेगा। आर्थिक स्थिति को लेकर आप कोई महत्वपूर्ण कदम उठाएंगे, जिससे आपकी आर्थिक स्थिति को मजबूती मिलेगी। परिवार के सदस्यों का आपको पूरा सहयोग मिलेगा। आपके ऊपर यदि कुछ कर्जा था, तो उसे भी आप काफी हद तक उतारने की कोशिश करेंगे। यदि आपको कोई सेहत से संबंधित समस्या हो, तो उसको लेकर आप किसी अच्छे डॉक्टर से परामर्श ले, नहीं तो वह बढ़ सकती है।

### मीन

आज का दिन आपके लिए व्यवसाय के मामले में अच्छा रहने वाला है। आपका योजनाओं पर अच्छा खासा खर्चा होगा और आपकी किसी बात को लेकर यदि कोई समस्या चल रही थी, तो वह भी दूर होगी। आप कुछ मनचाहे खर्च करेंगे, जो आपको समस्या देंगे। आपको अपने कीमती सामानों पर पूरा ध्यान देना होगा। जीवनसाथी के साथ आपको तालमेल बनाकर चलना होगा और आपके कुछ नई योजनाओं से आपको कुछ मुश्किलें आ सकती हैं।

दैनिक राशिफल (Dainik Rashifal) ग्रह-नक्षत्र की चाल पर आधारित फलादेश है, जिसमें सभी राशियों (मेष, वृष, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुंभ और मीन) का दैनिक भविष्यफल विस्तार से बताया जाता है। आज के राशिफल में आपके लिए नौकरी, व्यापार, लेन-देन, परिवार और मित्रों के साथ संबंध, सेहत और दिनभर में होने वाली शुभ-अशुभ घटनाओं का भविष्यफल होता है। इस राशिफल को पढ़कर आप अपनी दैनिक योजनाओं को सफल बनाने में कामयाब रहेंगे। जैसे दैनिक राशिफल ग्रह-नक्षत्र की चाल के आधार पर आपको यह बताएगा कि आज के दिन आपके सितारे आपके अनुकूल है या नहीं। आज आपको किन चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है या फिर किस तरह के अवसर आपको प्राप्त हो सकते हैं।

# Delhi Pollution:

## दिल्लीवासियों को प्रदूषण से मिली हल्की राहत, खराब श्रेणी में पहुंची फिजा, जानें एक्यूआई



राजधानी दिल्ली में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) में रविवार की तुलना में सोमवार को कुछ राहत मिली है। जहां रविवार को AQI 'बेहद खराब' श्रेणी में पहुंच गया था, वहीं सोमवार को इसमें गिरावट दर्ज की गई और यह 'खराब' श्रेणी में आ गया है। राजधानी दिल्ली में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) में रविवार की तुलना में आज कुछ सुधार देखा गया है। जहां रविवार को यह 'बेहद खराब' श्रेणी में पहुंच गया था, वहीं सोमवार को इसमें गिरावट दर्ज की गई और यह 'खराब' श्रेणी में आ गया है। एयर क्वालिटी अर्ली वार्निंग सिस्टम फॉर दिल्ली के अनुसार, सोमवार सुबह राष्ट्रीय राजधानी का वायु गुणवत्ता सूचकांक 266 दर्ज किया गया है, जो 'खराब' श्रेणी के अंतर्गत आता है। यह गिरावट प्रदूषण के बढ़ते स्तर पर नियंत्रण की दिशा में एक सकारात्मक संकेत है, हालांकि अभी भी हवा की गुणवत्ता चिंताजनक बनी हुई है। राजधानी के विभिन्न इलाकों में एक्यूआई की स्थिति पर नजर डालें तो केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली के अलीपुर में 275, आनंद विहार में 320, अशोक विहार में 301, आया नगर में 178, बवाना में 195, बुराड़ी में 216, और चांदनी चौक इलाके में 337 एक्यूआई दर्ज किया गया है।वहीं, डीटीयू इलाके में 272, द्वारका सेक्टर-8 में 288, आईजीआई एयरपोर्ट टी3 में 153, आईटीओ में 253, जहांगीरपुरी में 316, लोधी रोड में 182, मुंडका में 281, नजफगढ़ में 232, नरेला में 284, पंजाबी बाग में 276, आरकेपुरम में 295, रोहिणी में 299, सोनिया विहार में 296, विवेक विहार में 318, और वजीरपुर में 308 एक्यूआई दर्ज किया गया है।यदि हवा साफ है तो उसे इंडेक्स में 0 से 50 के बीच दर्शाया जाता है। वायु गुणवत्ता के संतोषजनक होने की स्थिति तब होती है जब सूचकांक 51 से 100 के बीच होती है। 101-200 का मतलब वायु प्रदूषण का स्तर मध्यम श्रेणी का है,

# UP Weather: ठंड-कोहरे की चपेट में प्रदेश,

## कई जिलों में शीतलहर और घने कोहरे की चेतावनी; आज बंद रहेंगे स्कूल



यूपी में भीषण सर्दी का दौर जारी है। मौसम विभाग ने कई जिलों में कोहरे और शीतलहर का अलर्ट जारी किया है। प्रदेश में आज स्कूल बंद रहेंगे।उत्तर प्रदेश में ठंड का कहर जारी है। रविवार को प्रदेश के पश्चिम व तराई के कई जिलों में कड़ाके की ठंड पड़ी। कोहरे के प्रकोप के साथ गलन भरी पछुआ ने लोगों की परेशानी बढ़ाई। जिन इलाकों में धूप हुई, वहां भी गलन हावी रही। कानपुर, इटावा, बाराबंकी, शाहजहांपुर, बरेली, हरदोई आदि जिलों में रात का तापमान 5 डिग्री या इससे नीचे दर्ज हुआ। 3.2 डिग्री न्यूनतम तापमान के साथ कानपुर प्रदेश में सबसे ठंडा रहा। मौसम विभाग ने सोमवार के लिए 13 जिलों में घने कोहरे का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं 22 जिलों में दिन के तापमान में भारी गिरावट यानी शीत दिवस होने की आशंका जताई है। आज स्कूल भी बंद रहेंगे। वरिष्ठ मौसम विज्ञानी डा. अतुल कुमार सिंह ने बताया कि सोमवार को कानपुर और इटावा में आंशिक शीतलहर जैसे हालात होने की संभावना है। पहाड़ों से आ रही पछुआ के असर से प्रदेश भर में कई जिलों में रात के तापमान में 3 से 4 डिग्री की गिरावट के आसार हैं।बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, सहारनपुर, बिजनोर मुरादाबाद, रामपुर बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, महोबा, झांसी, ललितपुर एवं आसपास के इलाकों में।कौशांबी, प्रयागराज, प्रतापगढ़, वाराणसी, भदोही, जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, देवरिया, गोरखपुर, संत कबीर नगर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, रायबरेली, अमेठी, सुल्तानपुर, अयोध्या, अंबेडकर नगर व आसपास के इलाकों में। राजधानी में गलन भरी सर्द पछुआ हवाओं का सितम जारी है। शनिवार और रविवार के बीच की रात को तापमान में 5.4 डिग्री सेल्सियस की भारी गिरावट आई और कोहरे के प्रकोप के साथ ठंड का असर अपने चरम पर रहा। रविवार को सुबह कोहरे के बाद दिन चढ़ने पर थोड़ी देर के लिए गुनगुनी धूप खिली जो बेअसर रही। दिन के तापमान में कोई खास बदलाव तो नहीं आया लेकिन रात के तापमान में आई इतनी बड़ी गिरावट चर्चा का विषय रही।आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया

## प्रियंका चोपड़ा ने शेयर किया मालती मैरी का प्यारा वीडियो




प्रियंका चोपड़ा ने आज सोशल मीडिया हैंडल पर बेटी मालती मैरी चोपड़ा जोनस का एक खास वीडियो शेयर किया है। जिस पर फैंस जमकर प्यार लुटा रहे हैं। प्रियंका चोपड़ा ने आज अपनी प्यारी बेटी मालती मैरी चोपड़ा जोनस का एक प्यारा वीडियो सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर किया है। इसमें क्यूट मालती कार में बैठी हुई खिड़की से बाहर हरी-भरी हरियाली को देख रही हैं। इसी के साथ मालती अपने डैड निक जोनस के गाने एंजॉय करती नजर आ रही हैं। प्रियंका ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर अपनी बेटी मालती मैरी चोपड़ा जोनस के साथ एक प्यारा पल शेयर किया है, जो बहुत दिल छूने वाला है। इस वीडियो में छोटी मालती कार में बैठी हैं। प्रियंका ने इसे 'हाथों के निशान' कैप्शन देकर शेयर किया और निक को टैग भी किया।

## मुंबई में 'लग जा गले' की शूटिंग कर रहे लक्ष्य और जान्हवी



जान्हवी कपूर इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'लग जा गले' की शूटिंग में व्यस्त हैं। अब जान्हवी और लक्ष्य लालवानी का शूटिंग से एक वीडियो सामने आया है। जानिए किस तरह दिखे दोनों सितारे'किल' फिल्म में अपने अभिनय से सुर्खियां बटोरने वाले लक्ष्य लालवानी 'द बैड्स ऑफ बॉलीवुड' के बाद अब धर्मा प्रोडक्शंस की फिल्म में नजर आएंगे। वो अभिनेत्री कपूर के साथ फिल्म 'लग जा गले' की शूटिंग में व्यस्त हैं। शूटिंग से दोनों की कुछ तस्वीरें भी सामने आ चुकी हैं। अब एक बार फिर शूटिंग से लक्ष्य और जान्हवी का एक वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में दोनों मुंबई के मरीन ड्राइव पर फिल्म की शूटिंग करते दिख रहे हैं।सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में जाह्नवी और लक्ष्य मुंबई की मरीन ड्राइव पर नजर आ रहे हैं। दोनों कोई रोमांटिक सीन कर रहे प्रोमेनेड पर बैठे हुए नजर आ रहे हैं। कैजुअल कपड़ों में लक्ष्य का फिल्म के लिए नया लुक लीक हो गया है। वीडियो में जान्हवी भी काफी साधारण लुक में नजर आ रही हैं। जबकि आसपास कैमरे और क्रू के सदस्यों को देखा जा सकता है।

## दीपिकाने की पति रणवीर सिंह की तारीफ





दीपिका पादुकोण आज अपना 40वां जन्मदिन मना रही हैं। उन्होंने अपने पति रणवीर सिंह की फिल्म 'धुरंधर' की सफलता पर अपना रिएक्शन दिया है। बॉलीवुड स्टार रणवीर सिंह इन दिनों अपनी फिल्म 'धुरंधर' की बड़ी सफलता से खुश हैं। इस फिल्म ने अभी तक 772 करोड़ रुपये से ज्यादा कमा लिए हैं। बॉलीवुड के कई सितारों ने 'धुरंधर' की तारीफ की है। अब रणवीर की पत्नी दीपिका पादुकोण ने भी फिल्म की सफलता पर खुशी जताई है। अपने जन्मदिन (5 जनवरी) से एक दिन पहल, दीपिका ने मुंबई में फैंस से मुलाकात की। वहां उन्होंने अपनी फिल्मों और जिंदगी के बारे में बात की। इस दौरान दीपिका ने पूछा कि क्या सभी ने 'धुरंधर' देखी है। सभी ने एक साथ 'हां' कहा, तो दीपिका बहुत खुश हो गईं और मुस्कुराने लगीं। दीपिका इतनी खुश थीं कि मुस्कुराती रहीं। उन्होंने बाल लहराते हुए रणवीर की सफलता पर गर्व जताया। होस्ट ने मजाक में कहा कि उन्हें नहीं पता था कि दूसरी फिल्मों की भी बात होगी। दीपिका ने हंसकर जवाब दिया, 'ये तो सब परिवार का ही मामला है।वह उनकी सफलता से कितनी खुश हैं', दूसरे ने लिखा, 'गर्व करने वाली और सपोर्ट करने वाली पत्नी', एक फैन ने लिखा, 'बहुत अच्छा लगा, दीपिका।'

## दीपिकाने की पति रणवीर सिंह की तारीफ



लोकप्रिय गेम शो केबीसी के सीजन 17 का ग्रैंड फिनाले 2 जनवरी 2026 को रात 9 बजे दिखाया गया। अब अपने ब्लॉग पर अमिताभ ने बताया कि सीजन खत्म होने के बाद उन्हें अटका हुआ सा महसूस हो रहा है। वे सामान्य कामकाज में वापस लौटने की कोशिश कर रहे हैं। अपनी ताजा पोस्ट में अमिताभ ने लिखा, 'सीजन खत्म हुए अभी कुछ ही दिन हुए हैं और दिन बहुत लंबे लग रहे हैं। काम की नैतिकता बनाए रखने का मन नहीं कर रहा। आगे बढ़ने की पूरी कोशिश करूंगा।'

## कृतिका कामरा ने बॉयफ्रेंड गौरव कपूर के साथ मनाया नया साल







कृतिका कामरा और गौरव कपूर इन दिनों बी-टाउन के नए कपल बने हैं। अपने रिलेशनशिप को ओपेन करने के बाद दोनों ने अब साथ में ही नया साल भी मनाया है। अब कृतिका ने इसकी रोमांटिक तस्वीरें भी शेयर की हैं

## नए साल पर छुट्टियां मनाकर भारत लौटे अभिषेक और ऐश्वर्या राय



नए साल का जश्न मनाकर अब अभिषेक और ऐश्वर्या बेटी आराध्या को लेकर मुंबई लौट चुके हैं। पैपराजी के कैमरों को देखकर अभिषेक और ऐश्वर्या ने मुस्कराते हुए अभिवादन किया। बॉलीवुड के सबसे चर्चित और पसंदीदा कपल ऐश्वर्या राय बच्चन और अभिषेक बच्चन नए साल का जश्न मनाकर अब विदेश से भारत लौट चुके हैं। बेटी आराध्या के साथ एयरपोर्ट पर नजर आए ऐश्वर्या और अभिषेक की तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे हैं, जिनमें तीनों मुस्कराते हुए नजर आ रहे हैं। खास बात यह रही कि ऐश्वर्या ने फैंस और पैपराजी को नए साल की शुभकामनाएं देते हुए हाथ हिलाकर अभिवादन किया। इस छोटे से जेस्चर ने सोशल मीडिया पर फैंस का दिल जीत लिया। कई यूजर्स ने इसे परफेक्ट फैमिली मोमेंट 'बताया

## बहन की शादी को लेकर कार्तिक आर्यन ने किया खुलासा






हाल ही में कार्तिक आर्यन की बहन कृतिका तिवारी की शादी हुई है। इसके बारे में कार्तिक आर्यन ने बड़ा खुलासा किया है। इसी तरह से अनन्या पांडे ने भी एक खुलासा किया है। बॉलीवुड स्टार कार्तिक आर्यन अपनी हालिया रिलीज हुई फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी' में अपने काम के लिए चर्चा में हैं। जल्द ही उनकी बहन की शादी हुई है। उन्होंने बताया है कि वह अपनी बहन की शादी में परिवार का सदस्य नहीं बल्कि मेहमान थे। एक्ट्रेस ने अपनी को-स्टार अनन्या पांडे के साथ कॉमेडी शो 'द ग्रेट

हाल ही में कार्तिक आर्यन की बहन कृतिका तिवारी की शादी हुई है। इसके बारे में कार्तिक आर्यन ने बड़ा खुलासा किया है। इसी तरह से अनन्या पांडे ने भी एक खुलासा किया है। बॉलीवुड स्टार कार्तिक आर्यन अपनी हालिया रिलीज हुई फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी' में अपने काम के लिए चर्चा में हैं। जल्द ही उनकी बहन की शादी हुई है। उन्होंने बताया है कि वह अपनी बहन की शादी में परिवार का सदस्य नहीं बल्कि मेहमान थे। एक्ट्रेस ने अपनी को-स्टार अनन्या पांडे के साथ कॉमेडी शो 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के लेटेस्ट एपिसोड में हिस्सा लिया और अपनी बहन

## लोका' की सफलता के बाद अब बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रहीं कल्याणी प्रियदर्शन?



'लोका चैप्टर 1' से सुर्खियां बटोरने वाली कल्याणी प्रियदर्शन के अब बॉलीवुड में डेब्यू करने की चर्चाएं हैं। कल्याणी रणवीर सिंह के साथ बॉलीवुड में कदम रख सकती हैं। जानिए क्यों उठीं ये चर्चाएं और क्या है इसके पीछे की सच्चाई अभिनेत्री कल्याणी प्रियदर्शन ने साल 2025 में सुपरहिट मलयालम फिल्म 'लोका चैप्टर 1: चंद्रा' में अपने अभिनय से काफी सुर्खियां बटोरीं। फिल्म को क्रिटिक्स और दर्शकों दोनों ने ही पसंद किया था। 'लोका' की सफलता के बाद अब ऐसा लगता है कि कल्याणी बॉलीवुड में भी

## Zomato: 'गिग मॉडल की असली ताकत है लचीलापन

### बोले दीपिंदर गोयल; 2025 में डिलीवरी पार्टनर्स की कमाई 10.9% बढ़ी





फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म Zomato के CEO दीपिंदर गोयल ने गिग मॉडल को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि गिग मॉडल की असली ताकत उसका लचीलापन (Flexibility) है, जो डिलीवरी पार्टनर्स को अपनी सुविधा के अनुसार काम करने की आज़ादी देता है। गोयल के मुताबिक यही लचीलापन लाखों लोगों को अतिरिक्त या पूर्णकालिक कमाई का मौका देता है। कंपनी के आंकड़ों के अनुसार, साल 2025 में Zomato के डिलीवरी पार्टनर्स की औसत कमाई में 10.9 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है, जो प्लेटफॉर्म पर बढ़ती मांग और बेहतर कमाई के अवसरों को दर्शाती है।

दीपिंदर गोयल ने कहा कि Zomato लगातार डिलीवरी पार्टनर्स के अनुभव को बेहतर बनाने पर काम कर रहा है, ताकि उन्हें स्थिर आय, सुरक्षा और काम के बेहतर विकल्प मिल सकें। कंपनी का मानना है कि गिग इकॉनमी आने वाले समय में रोजगार का एक मजबूत स्तंभ बनेगी और टेक्नोलॉजी के जरिए इसमें और पारदर्शिता व अवसर पैदा किए जाएंगे। Zomato के अनुसार, डिलीवरी पार्टनर्स की बढ़ती कमाई इस बात का संकेत है कि गिग मॉडल न सिर्फ कंपनियों बल्कि काम करने वालों के लिए भी फायदेमंद साबित हो रहा है।

## ट्रैवल इंश्योरेंस: नए साल में घूमने की बना रहे योजना

### फ्लाइट कैंसिल हो या सामान खो जाए, आसानी से मिलेगा क्लेम

नया साल आते ही लोग देश और विदेश घूमने की योजना बनाने लगते हैं, लेकिन यात्रा के दौरान आने वाली अनिश्चित परेशानियां पूरे ट्रिप का मज़ा खराब कर सकती हैं। ऐसी स्थिति में ट्रैवल इंश्योरेंस यात्रियों के लिए एक मजबूत सुरक्षा कवच बनकर सामने आता है। फ्लाइट कैंसिलेशन, लंबे समय तक देरी, सामान खो जाने या चोरी हो जाने जैसी समस्याओं में ट्रैवल इंश्योरेंस के ज़रिए आर्थिक नुकसान का क्लेम आसानी से मिल सकता है, जिससे यात्रियों को राहत मिलती है। यात्रा के दौरान मेडिकल इमरजेंसी सबसे बड़ी चिंता होती है, खासकर विदेश यात्रा में जहां इलाज का खर्च बेहद महंगा होता है।



ट्रैवल इंश्योरेंस पॉलिसी अस्पताल में भर्ती, इलाज, दवाइयों और इमरजेंसी सेवाओं का खर्च कवर करती है। इसके अलावा पासपोर्ट खोने की स्थिति में नए दस्तावेज़ बनवाने से जुड़े खर्चों में भी यह मददगार साबित होती है। यही वजह है कि यात्रा पर निकलने से पहले अपनी जरूरत के अनुसार ट्रैवल इंश्योरेंस लेना अब समय की जरूरत बन गया है।

## विनिर्माण गतिविधि में सुस्ती: निर्यात ऑर्डर की रफ्तार सुस्त

### देश का विनिर्माण पीएमआई 38 माह के निचले स्तर पर

देश के विनिर्माण क्षेत्र में सुस्ती के संकेत साफ दिखाई देने लगे हैं। निर्यात ऑर्डर की रफ्तार कमजोर पड़ने से मैन्युफैक्चरिंग गतिविधियों पर दबाव बढ़ा है। ताज़ा आंकड़ों के मुताबिक, देश का विनिर्माण परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स (PMI) 38 माह के निचले स्तर पर पहुंच गया है, जो सेक्टर की धीमी ग्रोथ को दर्शाता है। विशेषज्ञों का कहना है कि वैश्विक मांग में कमी, अंतरराष्ट्रीय बाजारों में अनिश्चितता और लागत से जुड़ी चुनौतियों के कारण नए निर्यात ऑर्डर घटे हैं। इसका सीधा असर उत्पादन, नई भर्तियों और कारोबारी भरोसे पर पड़ा है। कई कंपनियां फिलहाल विस्तार की योजनाओं को टाल रही हैं और खर्च पर नियंत्रण रखने पर जोर दे रही हैं।



अर्थशास्त्रियों के अनुसार, विनिर्माण पीएमआई का लंबे समय के निचले स्तर पर आना अर्थव्यवस्था के लिए चिंता का संकेत है। हालांकि घरेलू मांग कुछ हद तक सहारा दे सकती है, लेकिन निर्यात में सुधार के बिना सेक्टर में तेज रिकवरी मुश्किल मानी जा रही है। आने वाले महीनों में सरकारी नीतियों और वैश्विक हालात पर ही विनिर्माण क्षेत्र की दिशा निर्भर करेगी।

## Gold Silver Price

### नए साल 2026 का आगाज सोने में उछाल के साथ

साल 2026 की शुरुआत भारतीय सराफा बाजार में मिले-जुले रुख के साथ हुई है। ऑल इंडिया सराफा एसोसिएशन के अनुसार, दिल्ली में सोने का भाव 640 रुपये की बढ़त के साथ 1,38,340 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। वहीं, चांदी में मुनाफावसूली के चलते 1,600 रुपये की गिरावट दर्ज की गई और इसका भाव घटकर 2,37,400 रुपये प्रति किलो रह गया। विशेषज्ञों के मुताबिक, साल 2025 में रिकॉर्ड तेजी के बाद चांदी में प्रॉफिट बुकिंग देखने को मिल रही है। बीते साल सोने ने करीब 73.45% और चांदी ने लगभग 164% का ऐतिहासिक रिटर्न दिया था। अंतरराष्ट्रीय बाजार में अमेरिकी ट्रेजरी यील्ड बढ़ने से सोने की कीमतों पर दबाव बना रहा।




कमोडिटी जानकारों का कहना है कि 2026 में सोने-चांदी की चाल अमेरिकी ब्याज दरों, डॉलर की मजबूती, केंद्रीय बैंकों की खरीदारी और वैश्विक आर्थिक हालात पर निर्भर करेगी। किसी भी वैश्विक तनाव की स्थिति में सुरक्षित निवेश के तौर पर सोने की मांग और बढ़ सकती है।

## 10 रुपये का सिगरेट, अब कितने का?

### सरकार के नए फैसले से इतनी बढ़ जाएगी कीमत

अगर आप आज ₹10 वाली सिगरेट पीते हैं तो इस नए साल में आपकी आदत महंगी पड़ सकती है। केंद्र सरकार ने तंबाकू उत्पादों पर GST के अलावा नई एक्साइज ड्यूटी लागू करने का फैसला किया है, जो 1 फरवरी 2026 से लागू होगी। इसका असर सिगरेट की खुदरा कीमतों पर साफ़ दिखेगा और विशेषज्ञों की मानें तो सिगरेट के दाम लगभग 15% से 40% तक बढ़ सकते हैं क्योंकि टैक्स वधा्ई का बोझ कंपनियां या तो खुद उठाएंगी या उपभोक्ताओं पर डालेंगी। इससे आज ₹10 वाली सिगरेट करीब ₹12–₹14 या उससे भी ज़्यादा में बिक सकती है, जबकि ₹20 वाली सिगरेट के दाम भी इसी अनुपात में बढ़ने की संभावना जताई जा रही है।




सरकार ने तंबाकू का सेवन कम करने और स्वास्थ्य पर पड़ने वाले असर को देखते हुए टैक्स स्ट्रक्चर में बदलाव किया है। नए नियमों के तहत सिगरेट की लंबाई और प्रकार के आधार पर अलग-अलग एक्साइज ड्यूटी लगेगी, जिससे लंबे और प्रीमियम सिगरेट के दाम सबसे ज्यादा बढ़ सकते हैं।

## Biz Updates: रियल एस्टेट में पीई निवेश 59% बढ़ा

### मारुति ने 2025 में रिकॉर्ड 22.55 लाख गाड़ियों का किया उत्पादन

देश की अर्थव्यवस्था से जुड़े दो अहम सेक्टर—रियल एस्टेट और ऑटोमोबाइल—में मजबूती के संकेत सामने आए हैं। ताज़ा आंकड़ों के अनुसार, रियल एस्टेट सेक्टर में प्राइवेट इक्विटी (PE) निवेश में 59 प्रतिशत की बड़ी बढ़ोतरी दर्ज की गई है। आवासीय, कमर्शियल और वेयरहाउसिंग प्रोजेक्ट्स में बढ़ती मांग के चलते घरेलू और विदेशी निवेशकों का भरोसा इस सेक्टर पर लगातार बढ़ रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि स्थिर ब्याज दरें, बेहतर रिटर्न की उम्मीद और सरकार की नीतियों ने रियल एस्टेट को निवेश के लिहाज़ से आकर्षक बनाया है, जिससे आने वाले समय में इस सेक्टर में और पूंजी आने की संभावना है। वहीं ऑटोमोबाइल सेक्टर में देश की सबसे बड़ी कार निर्माता कंपनी मारुति सुजुकी ने उत्पादन के मोर्चे पर नया इतिहास रच दिया है।



कंपनी ने साल 2025 में रिकॉर्ड 22.55 लाख गाड़ियों का उत्पादन किया, जो अब तक का सबसे ऊंचा स्तर है। मजबूत घरेलू बिक्री, निर्यात में सुधार और उत्पादन क्षमता के विस्तार ने इस उपलब्धि में अहम भूमिका निभाई है। उद्योग विशेषज्ञों के अनुसार, मारुति का यह रिकॉर्ड उत्पादन न केवल कंपनी की मजबूती को दर्शाता है, बल्कि यह संकेत भी देता है कि ऑटो सेक्टर में मांग लगातार बनी हुई है। कुल मिलाकर, रियल एस्टेट में बढ़ता निवेश और ऑटोमोबाइल उत्पादन में रिकॉर्ड प्रदर्शन देश की आर्थिक गतिविधियों में सकारात्मक रुझान को दिखाता है।

## एसी, मिक्सर ग्राइंडर, कुकवेयर. सब हो जाएंगे महंगे

### लाल धातु ने क्यों बढ़ाई टेंशन?

आने वाले दिनों में एसी, मिक्सर-ग्राइंडर, कुकवेयर और अन्य घरेलू सामानों की कीमतें बढ़ सकती हैं, जिससे आम उपभोक्ताओं की जेब पर असर पड़ने वाला है। इसकी बड़ी वजह लाल धातु यानी तांबे (Copper) की कीमतों में तेज़ उछाल है। तांबा इलेक्ट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रिकल वायरिंग, किचन अप्लायंसेज़ और कुकवेयर बनाने में अहम कच्चा माल माना जाता है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में तांबे की कीमतें बढ़ने, चीन और अन्य देशों से मांग मजबूत रहने, सप्लाई चेन में बाधाओं और खनन लागत बढ़ने के कारण इसकी कीमतों में लगातार तेजी देखी जा रही है।



उद्योग विशेषज्ञों का कहना है कि तांबे की बढ़ती लागत का सीधा असर मैन्युफैक्चरिंग खर्च पर पड़ता है, जिसे कंपनियां अंततः उपभोक्ताओं तक पास ऑन कर सकती हैं। ऐसे में लाल धातु की महंगाई ने न सिर्फ उद्योग बल्कि आम लोगों की टेंशन भी बढ़ा दी है।

## Joe Root Records: एशेज में दूसरे शतक के साथ

### जो रूट ने की पोंटिंग की बराबरी, जयवर्धने को भी इस मामले में पछाड़ा




जो रूट ने एशेज 2025-26 में अपने दूसरे शतक के साथ न सिर्फ इंग्लैंड को मजबूत स्थिति में पहुंचाया, बल्कि टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में भी बड़ी छलांग लगाई। पोंटिंग की बराबरी, संगकारा और जयवर्धने से आगे निकलना और 2021 के बाद रिकॉर्डतोड़ प्रदर्शन, ये सब साबित करते हैं कि जो रूट इस दौर के सबसे महान टेस्ट बल्लेबाजों में से एक हैं। सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर खेले जा रहे एशेज 2025-26 के पांचवें टेस्ट में जो रूट ने एक बार फिर अपनी क्लास साबित की। इंग्लैंड के दिग्गज बल्लेबाज ने इस सीरीज में और ओवरऑल एशेज इतिहास में अपना दूसरा शतक जड़ते हुए कई बड़े रिकॉर्ड्स अपने नाम कर लिए। रूट की यह पारी सिर्फ इंग्लैंड को मजबूत स्थिति में ले जाने तक सीमित नहीं रही, बल्कि टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में उनका कद और ऊंचा कर गई। इस शतक के साथ जो रूट ने अपने टेस्ट करियर का 41वां शतक पूरा किया। इसके साथ ही वह ऑस्ट्रेलिया के महान बल्लेबाज रिकी पोंटिंग की बराबरी पर पहुंच गए। इतना ही नहीं, रूट ने कुमार संगकारा(38 शतक) को पहले ही पीछे छोड़ते हुए सर्वाधिक टेस्ट शतकों की सूची में संयुक्त रूप से चौथा स्थान हासिल कर लिया था। इस सूची में अब उनसे आगे सिर्फ सचिन तेंदुलकर (51) और जैक कैलिस (45) हैं। जो रूट का असली स्वर्णिम दौर 2021 के बाद देखने को मिला है। इस अवधि में उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में 24 शतक जड़े हैं, जो किसी भी बल्लेबाज से कहीं अधिक हैं। स्टीव स्मिथ, केन विलियम्सन, हैरी ब्रूक और शुभमन गिल जैसे बल्लेबाज इस दौरान 10-10 शतक ही लगा पाए हैं। यह आंकड़े रूट की निरंतरता और मानसिक मजबूती को साफ दर्शाते हैं। विदेशी धरती पर एशेज में एक से ज्यादा शतक लगाना हमेशा से इंग्लैंड के बल्लेबाज़ों के लिए बड़ी चुनौती रही है।

## Rohit Sharma Video: रोहित शर्मा के साथ हुई बदसलूकी



पिछले साल मई में रोहित शर्मा ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर सभी को चौंका दिया था। इसके साथ ही उनके अंतरराष्ट्रीय करियर का एक सुनहरा अध्याय समाप्त हुआ, लेकिन वनडे और टी20 में उनका सफर अब भी जारी है। यह वायरल वीडियो भले ही चर्चा का विषय बन गया हो, लेकिन रोहित शर्मा की उपलब्धियां और मैदान पर उनका योगदान उन्हें भारतीय क्रिकेट के महान खिलाड़ियों की सूची में हमेशा खास बनाए रखेगा। भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार बल्लेबाज रोहित शर्मा एक बार फिर चर्चा में हैं, लेकिन इस बार वजह उनका प्रदर्शन नहीं बल्कि एक वायरल वीडियो है। सोशल मीडिया पर सामने आए इस वीडियो में दो युवा फैंस रोहित शर्मा के साथ बदसलूकी करते नजर आ रहे हैं। यह घटना तब हुई जब रोहित अपनी कार में बैठे हुए थे और सड़क किनारे खड़े फैंस की ओर हाथ हिलाकर अभिवादन कर रहे थे। वीडियो में देखा जा सकता है कि एक फैन पहले रोहित से हाथ मिलाता है, लेकिन इसके तुरंत बाद दोनों फैंस उनका हाथ जोर से खींचने लगते हैं और जबरन सेल्फी लेने की कोशिश करते हैं। इस अप्रत्याशित व्यवहार से रोहित शर्मा साफ तौर पर असहज और निराश नजर आए। उन्होंने फैंस को चेतावनी दी और फिर कार की खिड़की बंद कर ली। यह वीडियो देखते ही देखते सोशल मीडिया पर वायरल हो गया और फैंस के व्यवहार को लेकर बहस छिड़ गई। रोहित शर्मा हाल ही में विजय हजारे ट्रॉफी में मुंबई की ओर से खेलते नजर आए थे। टूर्नामेंट में उन्होंने सिक्किम के खिलाफ शानदार 155 रनों की पारी खेली, जबकि उत्तराखंड के खिलाफ वह खाता खोले बिना आउट हो गए। इसके बावजूद उनकी फॉर्म और फिटनेस ने चयनकर्ताओं और फैंस को प्रभावित किया है। अब रोहित शर्मा की नजर भारत और न्यूज़ीलैंड के बीच 11 जनवरी से शुरू होने वाली तीन मैचों की वनडे सीरीज पर है।

## IPL 2026: क्या रवींद्र जडेजा बनेंगे राजस्थान रॉयल्स के नए कप्तान?

आईपीएल 2026 से पहले राजस्थान रॉयल्स की कप्तानी को लेकर अटकलें तेज हैं और रवींद्र जडेजा का नाम सबसे आगे चल रहा है। फ्रेंचाइजी के सोशल मीडिया पोस्ट और जडेजा की वापसी ने फैंस के बीच उन्हें अगला कप्तान बनाए जाने की चर्चा को और बढ़ा दिया है। आईपीएल 2026 से पहले राजस्थान रॉयल्स की कप्तानी को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। संजू सैमसन के बाद टीम की कमान किसे सौंपी जाएगी, इसे लेकर फैंस और क्रिकेट विशेषज्ञों के बीच लगातार बहस चल रही है। जहां यशस्वी जायसवाल और रियान पराग को संभावित विकल्प माना जा रहा था, वहीं अनुभवी ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा का नाम भी जोर-शोर से सामने आ रहा है। इसी बीच राजस्थान रॉयल्स के एक सोशल मीडिया पोस्ट ने अटकलों को और हवा दे दी है, जिससे फैंस एक बार फिर जडेजा को कप्तान बनाए जाने की संभावना पर चर्चा करने लगे हैं। रवींद्र जडेजा आईपीएल 2026 की नीलामी से पहले चेन्नई सुपर किंग्स से ट्रेड होकर राजस्थान रॉयल्स में शामिल हुए हैं। इससे पहले वह 2008 और 2009 में भी राजस्थान रॉयल्स के लिए खेल चुके हैं। खास बात यह है कि 2008 में टीम की ऐतिहासिक खिताबी जीत में जडेजा टीम का हिस्सा थे।




## T20 World Cup: टी20 विश्व कप के लिए भारत नहीं

मुस्तफिजुर रहमान को आईपीएल से बाहर करने के बाद विवाद बढ़ता जा रहा है। अब बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने स्पष्ट कर दिया है कि वह टी20 विश्व कप के लिए अपनी टीम भारत नहीं भेजेगा। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने फैसला किया है कि वह टी20 विश्व कप के लिए अपनी टीम भारत नहीं भेजेगा। भारत और बांग्लादेश के बीच विवाद उस वक्त से गरमा गया है जब भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने आईपीएल फ्रेंचाइजी कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) से बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को टीम से बाहर करने कहा था। अब बीसीबी की तरफ से इस पूरे मुद्दे को लेकर बयान जारी किया गया है। उन्होंने आईसीसी से श्रीलंका में विश्व कप के मैच कराने की मांग की है। बीसीबी ने कहा, 'बोर्ड ने पिछले 24 घंटों के घटनाक्रम को ध्यान में रखते हुए स्थिति की विस्तार से समीक्षा की और भारत में होने वाले मैचों में बांग्लादेश नेशनल टीम की भागीदारी से जुड़ी कुल परिस्थितियों पर गहरी चिंता व्यक्त की। मौजूदा स्थिति का पूरी तरह से आकलन करने और भारत में बांग्लादेश दल की सुरक्षा को लेकर बढ़ती चिंताओं और बांग्लादेश सरकार की सलाह पर विचार करने के बाद, बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने फैसला किया है कि मौजूदा हालात में बांग्लादेश नेशनल टीम टूर्नामेंट के लिए भारत नहीं जाएगी। बयान में आगे कहा गया, 'इस फैसले को देखते हुए, बीसीबी ने इवेंट अथॉरिटी के तौर पर इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) से औपचारिक रूप से रिक्वेस्ट की है कि बांग्लादेश के सभी मैचों को भारत के बाहर किसी दूसरी जगह (सह-मेजबान श्रीलंका) पर शिफ्ट करने पर विचार किया जाए।




टी20 विश्व कप 2026 से पहले पाकिस्तान ने श्रीलंका के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए बाबर आजम, शाहीन अफरीदी, मोहम्मद रिजवान और हारिस रऊफ को टीम से बाहर रखा है। टी20 विश्व कप 2026 से ठीक एक महीने पहले पाकिस्तान क्रिकेट टीम ने बड़ा और चौंकाने वाला फैसला लिया है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने श्रीलंका के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज के लिए घोषित 15 सदस्यीय टीम में स्टार बल्लेबाज बाबर आजम और तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी को शामिल नहीं किया है। इनके अलावा मोहम्मद रिजवान और हारिस रऊफ भी टीम का हिस्सा नहीं हैं। यह फैसला क्रिकेट जगत में चर्चा का विषय बना हुआ है, क्योंकि यह सीरीज टी20 विश्व कप से पहले तैयारी का अहम मौका मानी जा रही थी। पीसीबी के मुताबिक बाबर आजम, शाहीन अफरीदी, मोहम्मद रिजवान और हारिस रऊफ इस समय ऑस्ट्रेलिया की बिग बैश लीग (बीबीएल) में अपने फ्रेंचाइजी अनुबंध पूरे कर रहे हैं। बोर्ड ने इन खिलाड़ियों को समय से पहले वापस बुलाने के बजाय उनके लीग कमिटमेंट का सम्मान करने का फैसला किया। इसी वजह से ये सभी खिलाड़ी श्रीलंका दौरे के लिए उपलब्ध नहीं हो पाए। श्रीलंका दौरे के लिए घोषित टीम में सलमान अली आगा को कप्तान बनाया गया है, जो टीम में नए प्रयोग और बदलाव की ओर इशारा करता है। यह सीरीज सात जनवरी से 11 जनवरी तक दांबुला में खेली जाएगी। इस टीम में शादाब खान की वापसी हुई है, जो कंधे की सर्जरी के बाद रिहैबिलिटेशन पूरा कर चुके हैं। उन्होंने आखिरी टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच जून में खेला था। इसके अलावा विकेटकीपर-बल्लेबाज ख्वाजा नफे को पहली बार सीनियर राष्ट्रीय टीम में शामिल किया गया है, जो पीसीबी की युवा खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय अनुभव देने की रणनीति को दर्शाता है।



# BOOK YOUR ADVERTISEMENT



+91 7088120612

